**मंगलवार**
17 अक्टूबर 2023



**पृष्ठ 4**
कहीं आप भी तो नहीं करती शेपवियर का इस्तेमाल, इसे रोजाना पहनने के हैं यह साइडफेक्ट्स



**पृष्ठ 5**
राम बनने के लिए मांस-मदिरा छोड़ेंगे रणबीर कपूर, रामायण से पहले होगी कठिन परीक्षा



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 248
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

जो काम घड़ों जल से नहीं होता उसे दवा के दो घूंट कर देते हैं और जो काम तलवार से नहीं होता वह कांटा कर देता है। – सुदर्शन

# सीएम को दुबई से बड़े निवेश की उम्मीद

## शाम 7 बजे होगी इन्वेस्टर्स मीट, कल मुख्यमंत्री जाएंगे आबूधाबी

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में अधिक से अधिक निवेश लाने के प्रयास में जुटे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी टीम अपने दो दिवसीय दौरे पर दुबई में है। कल उनका प्रवासी उत्तराखंड वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया वहीं आज शाम 7 बजे उनकी दुबई के उद्यमियों के साथ वार्ता होने वाली है जिसमें कुछ निवेश प्रस्तावों पर एम ओ यू साइन किए जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी काबीना मंत्री धन सिंह रावत और अधिकारियों के साथ कल दुबई पहुंचे थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह हवाई अड्डे और होटल में किए गए अपने स्वागत से अभिभूत है उनका कहना है कि उन्हें दुबई में आकर यह नहीं लगा कि वह कहीं बाहर हैं यहां भी अपनी उत्तराखंड सभ्यता संस्कृति और वेशभूषा देखकर उन्होंने कहा कि यहां भी उन्हें अपनेपन की अनुभूति हुई



है। मुख्यमंत्री ने प्रवासी उत्तराखंडियों से मिलकर कहा कि यहां आने से पहले उन्होंने उत्तराखंड में एक प्रवासी उत्तराखंड सेल का संचालन शुरू कर दिया है जिसके माध्यम से प्रवासी उत्तराखंडी अपनी हर समस्या के समाधान के लिए प्रयोग कर सकते हैं। पूरे विश्व में कहीं से भी प्रवासी लोग अपनी बात हम तक पहुंचा सकते हैं इसका उपयोग केवल उद्योग क्षेत्र ही नहीं अन्य तमाम तरह के प्रयोजनों के लिए भी किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री धामी आज शाम 7 बजे उस इन्वेस्टर्स मीट को भी संबोधित करने वाले हैं जिसमें दुबई के तमाम छोटे व बड़े उद्यमी हिस्सा लेने वाले हैं। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में उद्यमियों को दी जाने वाली तमाम सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा उन्हें बताया जाएगा कि सरकार ने अपनी नई औद्योगिक नीतियों में क्या-क्या बड़े बदलाव किए हैं तथा उद्यमियों को उत्तराखंड में निवेश से क्या-क्या लाभ मिल सकता है।

उल्लेखनीय है कि दिसंबर में आयोजित की जाने वाली इस इन्वेस्टर्स समिट से 2.5 लाख करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य सरकार ने रखा है। जिसे हासिल करने के प्रयास में मुख्यमंत्री धामी और सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहे हैं। सरकार की कोशिश है कि वह समिट से पूर्व ही 50 से 60 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर एम ओ यू साइन कर सके जिससे इस 2.5 लाख करोड़ के लक्ष्य को हासिल करने में आसानी रहे।

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

# चारधाम यात्रा में पहली बार तीर्थयात्रियों की संख्या 50 लाख पार



देहरादून( संवाददाता) चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह ने इतिहास बना दिया और इस बार तीर्थयात्रियों की संख्या 50 लाख के आंकडे को पार कर चुकी है।

मुख्यमंत्री के निर्देशन में विश्वप्रसिद्ध चारधाम दर्शन हेतु देश-विदेश से आ रहे श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा लिए उत्तराखण्ड पुलिस समर्पित है। चारधाम यात्रा में इस साल रिकॉर्ड संख्या में तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। 16 अक्टूबर 2023 तक चारधाम दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 50 लाख के पार पहुंच गयी है। इसके साथ ही लगभग 5 लाख 41 हजार वाहन भी चारधाम पहुंचे हैं। वर्तमान में रिकार्ड स्तर पर यात्री अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। यात्रा प्रारम्भ होने के बाद केदारनाथ धाम में लगभग 17 लाख 08 हजार, बदरीनाथ धाम में 15 लाख 90 हजार, गंगोत्री में 08 लाख 46 हजार, यमुनोत्री में 06 लाख 94 हजार, हेमकुण्ड साहिब में 01 लाख 77 हजार से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन किये जा चुके हैं। श्री हेमुण्ड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड ने बताया कि उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा प्रत्येक स्तर पर तीर्थयात्रियों की हर सम्भव सहायता की जा रही है, जिससे उनके मन में देवभूमि की पवित्र आस्था के साथ ही उत्तराखण्ड पुलिस की सकारात्मक छवि की स्मृतियां भी अंकित हो रही हैं। हम सुरक्षित व निर्बाधित चारधाम यात्रा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## कार से मिले ढाई करोड़ रूपये, जांच शुरू

उदयपुर। राजस्थान में विधानसभा चुनाव की तारीख तय हो चुकी है। 25 नवंबर को राजस्थान में 200 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होना है। ऐसे में राजस्थान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एक्टिव नजर आ रहा है। पुलिस की इसी सर्तकता के चलते पुलिस ने एक कार से लगभग ढाई करोड़ रूपये की बरामदगी की गयी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान की उदयपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। यहां पुलिस टीम ने एक गाड़ी से 2.46 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने मामले में गाड़ी में सवार दो युवकों को गिरफ्तार भी किया है। यह करोड़ों रुपए कार की सीट के नीचे एक गुप्त सेफ बनाकर रखे हुए थे। पुलिस को यह सेफ ढूंढने में ही करीब आधे घंटे से ज्यादा का समय लग गया। यह पूरी कार्रवाई उदयपुर के खेरवाड़ा इलाकें में की गई। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि विधनसभा चुनाव को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत नेशनल हाईवे संख्या 48 पर स्थित टोल प्लाजा पर नाकाबंदी की गई तो उदयपुर की ओर से आ रही एक कार को रोककर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान गाड़ी की सीट के नीचे भारी मात्रा में 500 रुपए की गड्डियां मिली जिन्हें जब्त कर लिया गया है। जब्त की गई कुल राशि 2. 46 करोड रुपए है साथ ही आरोपियों के पास से दो सोने की अंगूठी भी बरामद की गई है। नोटों को मशीन के जरिए गिना गया। मामले में गुजरात निवासी जिलेश पटेल और जयसिंह को गिरफ्तार किया है।

# मोदी को हटाने के लिए हमास की शरण में भी जा सकते है विपक्षी दलः आचार्य कृष्णम

नई दिल्ली। इजरायल और हमास के बीच जंग की तपिश भारत में महसूस की जा रही है। फलस्तीन को समर्थन देने के मुद्दे पर विपक्षी एकता में फूट पड़ गई है। कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने इंडिया गठबंधन में शामिल विपक्षी नेताओं पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष के कुछ नेताओं को हमास की शरण में भी जाने से गुरेज नहीं है।

बता दें कि एकजुटता का प्रदर्शन करने के लिए कई विपक्षी नेता फलस्तीन दूतावास पहुंचे थे। उन्होने फलस्तीन राजदूत से मुलाकात के



बाद संयुक्त बयान जारी किया गया था। फलस्तीन दूतावास पहुंचने वालों में रालोद नेता शाहिद सिद्दीकी, जदयू नेता केसी त्यागी, बसपा सांसद दानिश अली, सपा नेता जावेद अली खान, सीपीआई एम नेता डी राजा, राज्यसभा के पूर्व सदस्य मोहम्मद अदीब, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर समेत सीपीआई नेता दीपांकर भट्टाचार्य भी शामिल थे।

विपक्षी नेताओं की तरफ से फिलिस्तीनमोदी को हटाने के लिए हमास की शरण में भी जा सकते है विपक्षी दलः आचार्य प्रमोद कृष्णम को समर्थन देने के मुद्दे पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सवाल उठाया है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि विपक्ष के कुछ नेता पीएम मोदी से इतनी नफरत करते हैं कि वह मोदी को हटाने के लिये हमास की शरण में भी जा सकते हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

### सीबीआई व सिस्टम की बड़ी नाकामयाबी

नोएड के जिस बहुचर्चित निठारी कांड ने देश और दुनिया को झकझौर कर रख दिया था, 17 साल बाद देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा इस मामले के दोनों आरोपियों मनिंदर सिंह पंढेर और सुरेन्द्र कोहली को बरी कर दिया गया। खास बात यह है कि 2006 में प्रकाश में आये इस मामले में 12 मामलों निचली अदालतो द्वारा सुरेंन्द्र कोहली को और दो मामलो मनिंदर सिंह पंढेर को फांसी की सजा तक सुनाई जा चुकी है। इस मामले में आरोपी सुरेन्द्र कोहली की गिरफ्तारी के बाद उसकी ही निशानदेही पर घटनास्थल के पास नाले से 19 नरकंकाल बरामद हुए थे। लेकिन अब इस मामले का कोई चश्मदीद गवाह न होने और सीबीआई द्वारा पर्याप्त सबूत पेश न दे पाने की बात कहते हुए सुप्रीम कोर्ट ने न सिर्फ दोनों ही आरोपियों को बरी कर दिया गया है बल्कि उनकी फांसी की सजा भी रद्द कर दी गयी है। इस मामले की खास बात यह है कि इस अतिजघन्य आपराधिक मामले जिसमें डेढ दर्जन से अधिक बच्चों की अपहरण, उनका यौन शौषण और फिर हत्या करने और उनका मांस पकाकर खाने जैसी बातें सामने आई थी ऐसे मामले की जांच देश की सर्वोच्च जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा इतनी लापरवाही से की जाए कि निचली अदालत से फांसी की सजा पाये आरोपी बरी हो जाए? सीबीआई की कार्यप्रणाली की ओर अकमर्ठता पर गम्भीर सवाल खडे करता है। आखिरकार क्यों सीबीआई उच्च अदालत में आरोपियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य नहीं रख सकी। खास बात यह है कि इस फैसले के बाद अमूमन किसी भी केस की सीबीआई जांच की मांग करने वाले और उस पर भरोसा जताने वाले लोगों के विश्वास का क्या होगा? इस फैसले एक और दूरगामी जो संदेश जनता के बीच गया है वह है गरीबों को न्याय न मिलने की बात। आमतौर पर यह कहा जाता है कि देश में कानून सिर्फ गरीबों के लिए ही बने हैं अमीरों की जेब मे ंपडे रहते है कानून। इस घटना के सभी पीडित अति निर्धन व गरीब वर्ग के लोग थे जो घरों मे कामकाज कर गुजारा करने वाले थे और अधिकांश पीडित पश्चिम बंगाल और बिहार के रहने वाले थे। जिन्हें 17 साल की न्यायिक लडाई लडने के बाद भी इंसाफ नहीं मिल सका। ऐसे में भला किसी गरीब के साथ कितना भी बडा अन्याय हो जाय वह कैसे यह उम्मीद कर सकता है उसे देश का यह सिस्टम न्याय दिला सकता है? हम यह नहीं कह सकते हैं कि सुरेन्द्र कोहली और मनिंदर सिंह पंढेर ने ही इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया लेकिन अगर इतना बडा जघन्य अपराध हुआ तो उसे किसी न किसी ने तो अंजाम दिया होगा। देश की पुलिस और सीबीआई अब असली अपराधियों को तलाशने में नाकाम रही तो फिर इस पूरे सिस्टम की जरूरत ही क्या है? सुरेन्द्र कोहली जिसने अपने इकबालिया बयान में अपना जुर्म कबूल किया था तथा जिसकी निशानदेही पर 19 नरकंकाल भी बरामद हुए हमेशा ही यह कहता रहा है कि पुलिस न`े उसे फंसाया है? अगर बेकसूर था तो फिर सुरेन्द्र कोहली और मनिंदर सिंह पंढेर ने जो अपने जीवन के 17 साल जेल की सलाखों के पीछे काटे और तमाम तरह की यातनाएं सही इसके लिए अब किसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। भले ही इन दोनों आरोपियों की अब जेल से रिहा कर दिया जाए और इस न्याय को सत्यमेव जयते कहते हुए सराहना करें लेकिन उ नकी तमाम उम्र जिस यातना और सामाजिक निंदा में गुजरी क्या देश सिस्टम या कोई अदालत उसकी भरपाई कर सकती है? यह ऐसा कोई अकेला मामला नहीं है। 2008 में दिल्ली में हुए आरूषि तलवार हत्याकांड को पुलिस व सीबीआई आज तक नहीं सुलझा सकी है। और भी अनेक ऐसे घोटाले हैं जिनमें सीबीआई इसी तरह से नाकाम साबित हुई। देखना यह इस नाकामी के दाग को मिटाने के लिए सीबीआई अब इस मामले में आगे क्या कार्यवाही करती है?

मघोन आ पवस्व नो जहि विश्वा अप द्विषः।
इन्दो सखायमा विश। (ऋग्वेद ९-८-७)
हे आनंद के प्रदाता, ईश्वर ! हमारे अंदर ऐसी भावना उत्पन्न करो कि हम अपनी नकारात्मकता और शत्रुओं (काम, क्रोध, लोभ, मोह, आदि) को नष्ट कर सकें और सत्कर्मी मनुष्यों का सहयोग कर सकें।

O God] the provider of happiness ! Create such a thought within us that we can destroy our negativity and enemies (lust] anger] greed] attachment] etc-) and support good people- (Rig Ved 9&8&7)

# शारदीय नवरात्र में कैबिनेट मंत्री ने किया मातृ-शक्ति को सम्मानित



संवाददाता

ऋषिकेश। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर विधायक व कैबिनेट मंत्री प्रेंमचंद अग्रवाल ने मातृ-शक्ति को पुष्प गुच्छ व माता की चुनरी ओढाकर सम्मानित किया।

आज यहां शारदीय नवरात्रि के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने महिला जनप्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ व माता की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम डॉ अग्रवाल ने महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कविता साह, पूर्व ब्लाक प्रमुख नगीना रानी, पूर्व पंचायत सदस्य रुक्मणी व्यास, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा निर्मला उनियाल, प्रधान खदरी खड्कमाफ संगीता थपलियाल, प्रधान गुमानी वाला दीपिका व्यास, पार्षद बापू ग्राम रश्मि देवी, पार्षद सुमन विहार लक्ष्मी रावत, पार्षद मुखर्जी मार्ग रीना शर्मा, प्रधान हरिपुर कला गीतांजलि जखमोला, जिला पंचायत सदस्य दिव्या बेलवाल को सम्मानित किया। डॉ अग्रवाल ने कहा कि नवरात्रि के पवित्र दिनों में मातृ शक्ति को सम्मानित कर गर्व महसूस कर रहे हैं। कहा कि वह घर, मोहल्ला सौभाग्यशाली होता है जहां माता का गुणगान होता है और जो इसमें सम्मिलित होता है माता की उस पर विशेष कृपा होती है। कहा कि हर परिस्थिति में हमें माता का साथ मिलता है। हमारी सनातन संस्कृति को बचाने में भी माता का गुणगान आवश्यक है। कहा कि महिलाओं को हमारी सरकार उचित सम्मान देने की दिशा में कदम उठा रही है। चाहे केंद्र सरकार हो, जिन्होंने महिलाओं के लिए लोकसभा व राज्य की विधानसभाओ के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण किया है।

# भूतपूर्व सैनिकों के परिवारों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण शिविर 27 से

संवाददाता

देहरादून। जिला सैनिक कल्याण पुर्नवास अधिकारी ले. कर्नल जीएस चन्द ने बताया कि भूतपूर्व सैनिकों के परिवारों के लिए भर्ती हेतु निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का 27 अक्टूबर से आयोजन किया जायेगा।

आज यहां जिला सैनिक कल्याण पुर्नवास अधिकारी ले. कर्नल जी. एस. चन्द (अ.प्रा.) ने अवगत कराया है कि गढ़वाल मंडल एवं कुमांऊ मंडल के भूतपूर्व सैनिकों / सैनिक विध वाओं के पुत्रों को सेना / नौ सेना / वायुसेना एवं पुलिस / अध ्सैनिक बल में भर्ती हेतु 01 नवम्बर 2023 से 56 दिनों का निशुल्क भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राज्य सैनिक विश्राम गृह देहरादून में किया जायेगा। जनपद देहरादून के प्रशिक्षणार्थियों का चयन 27 से 31 अक्टूबर 2023 तक भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर राज्य सैनिक विश्राम गृह, सी कालिदास मार्ग, हाथीबड़कला, देहरादून में किया जायेगा।

# सुप्रीम कोर्ट का समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इन्कार,संसद का अधिकार क्षेत्र बताया



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों वाली बेंच ने समलैंगिक विवाह पर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह संसद के अधिकार क्षेत्र का मामला है। हालांकि कोर्ट ने समलैंगिक जोड़े को बच्चा गोद लेने का अधिकार दिया है। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को समलैंगिकों के लिए उचित कदम उठाने के आदेश भी दिए हैं। सुप्रीम ने केन्द्र व राज्य सरकारों को निर्देश देते हुए कहा है कि समलैंगिक जोड़ों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो साथ ही समलैंगिकता को लेकर लोगों को जागरूक किया जाये। समलैंगिक जोड़ो की मदद के लिए हेल्पलाइन बनाई जाये। बच्चे को सेक्स चेंज की इजाजत तभी दी जाये जब वह इसे समझने के योग्य हो। सेक्स प्रवृत्ति में बदलाव के लिए किसी को जबरन कोई हार्मोन न दिया जाये। ऐसे जोड़ो की पुलिस मदद करे और उनके लिए सेफ हाउस बनाया जाये। ऐसे जोड़ो को उनकी मर्जी के बगैर उनके परिवार के पास वापस लौटने के लिए मजबूर न किया जाये। ऐसे जोड़ो के खिलाफ पहले प्राथमिक जांच की जाये तभी एफआरआई दर्ज हो।

सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को इस मामले में कमेटी बनाने का निर्देश देते हुए कहा है कि यह कमेटी समलैंगिक जोड़ो को परिवार के रूप में शामिल करने, समलैंगिक जोड़ो को संयुक्त बैंक खाते के लिए नामांकन करने में सक्षम बनाने और उन्हे पेंशन, ग्रेच्यूटी आदि से मिलने वाले अधिकार का अध्ययन करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक जोड़ों को बच्चा गोद लेने का अधिकार दे दिया है। कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि सिर्फ विषमलैगिंक जोड़े ही अच्छी परवरिश कर सकते है यह जरूरी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान बैंच ने यह फैसला सुनाया है। इस बैंच में चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस कौल, जस्टिस एस रविन्द्र भट्ट, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली शामिल है। सीजेआई ने इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट विशेष विवाह अधिनियम के प्रावधानों को रद्द नहीं कर सकती है।

# सुप्रीम कोर्ट हर चीज के लिए रामबाण नहीं हो सकता

सुप्रीम कोर्ट ने नर्सरी दाखिले में बच्चों की 'स्क्रीनिंग' पर प्रतिबंध से जुड़े दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय हर चीज के लिए रामबाण नहीं हो सकता। स्क्रीनिंग में बच्चों या उनके अभिभावकों से साक्षात्कार लिया जाता है। जज एसके कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने कहा कि वह एक कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकती। क्या कानून बनाने के लिए कोई आदेश हो सकता है? क्या हम सरकार को विधेयक पेश करने का निर्देश दे सकते हैं?

हाईकोर्ट ने तीन जुलाई को संस्था सोशल ज्यूरिस्ट द्वारा दायर जनहित याचिका को खारिज किया था। हाईकोर्ट ने आदेश में कहा था कि वह विधायी प्रक्रिया में हस्तक्षेप व उपराज्यपाल को दिल्ली स्कूल शिक्षा (संशोधन) विधेयक, 2015 को मंजूरी देने या उसे लौटाने का निर्देश नहीं दे सकता।

हाईकोर्ट ने कहा था कि हमारे के लिए यह उचित नहीं है कि वह संविधान के अनुच्छेद के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग कर एक संवैधानिक प्राधिकार राज्यपाल को ऐसे मामले में निर्देश दें, जो उनके अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

वकील अशोक अग्रवाल की तरफ से दायर एनजीओ की याचिका में कहा गया था कि नर्सरी दाखिले में स्क्रीनिंग प्रक्रिया पर प्रतिबंध वाला बाल-हितैषी विधेयक पिछले सात वर्षों से बेवजह ही केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच लटका है। याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कहा था कि उसके लिए यह उचित नहीं है कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का उपयोग करते हुए ऐसे मामले में सांविधानिक प्राधिकार (उपराज्यपाल) को निर्देश दे। (आरएनएस)

# एनजीटी ने हिमाचल के बाढ़ क्षेत्र में राजमार्ग निर्माण पर रिपोर्ट मांगी

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने हिमाचल प्रदेश में ब्यास नदी के बाढ़ क्षेत्र में एनएचएआई द्वारा कथित तौर पर एक राजमार्ग के निर्माण पर उससे रिपोर्ट मांगी है। इसके लिए एक समिति का गठन किया है। अधिकरण एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें आरोप लगाया गया था कि एनएचएआई नदी के पास बाढ़ संभावित क्षेत्र में कीरतपुर से मनाली और पठानकोट से मंडी तक चार-लेन राजमार्ग का निर्माण कर रहा है। अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगना समुचित है। इसके बाद पीठ ने एक संयुक्त समिति का गठन किया जिसमें एनएचएआई के अधिशासी अभियंता (प्रभारी), केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सदस्य सचिव और हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचपीपीसीबी) के सदस्य सचिव द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारी शामिल हैं। अधिकरण ने याचिका का निस्तारण करते हुए कहा कि एचपीपीसीबी के सदस्य सचिव एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेंगे। समिति इस मुद्दे की जांच करेगी और आठ सप्ताह के भीतर अधिकरण के समक्ष रिपोर्ट सौंपेगी। (आरएनएस)

# ट्रांसजेंडर्स के लिए गुडन्यूज, दिल्ली सरकार ने जॉब फॉर्म में थर्ड जेंडर को किया शामिल

ट्रांसजेंडर को दिल्ली सरकार ने एक खुशखबरी दी है। सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने ट्रांसजेंडर लोगों के लिए विभिन्न उपायों को मंजूरी दे दी है, जिसमें नौकरी आवेदन पत्रों में श्तीसरे लिंग‌श् कैटेगरी (श्रेणी) को शामिल करना और उन्हें दुर्व्यवहार से बचाने के लिए निगरानी सेल्स की स्थापना शामिल है। इसकी जानकारी शुक्रवार को अधिकारियों ने दी। उन्होंने कहा कि विभाग ने संबंधित अधिकारियों से उनके दस्तावेजों को स्वीकार करने के लिए भी कहा है, बेशक मूल दस्तावेजों की फोटो या नाम में भिन्नता हो, बशर्ते उन्होंने ट्रांसजेंडर प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

ट्रांसजेंडर लोगों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक सलाह के बाद सरकार ने यह निर्देश जारी किए हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए एक सलाह को मंजूरी दे दी है, जिसमें सिफारिशों का एक सेट शामिल है जो ट्रांसजेंडर लोगों के कल्याण और अधिकारों को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। आयोग ने पिछले महीने केंद्र और राज्य सरकारों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के सभी संबंधित अधिकारियों को सिफारिशें लागू करने की सलाह दी थी।

दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने कुछ कार्रवाई योग्य बिंदुओं को मंजूरी दे दी है और इसके कार्यान्वयन के लिए निर्देश जारी किए हैं। इसमें ट्रांसजेंडर लोगों के लिए हर जिले के जिला कार्यालय में एक भेदभाव विरोधी सेल (एंटी डिस्क्रिमिनेशन) स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सेल में तीन सदस्य शामिल होंगे, जिनमें से कम से कम एक महिला या ट्रांसजेंडर व्यक्ति होना चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि अन्य कर्मचारियों के लिए यौन अभिविन्यास (सेक्शुअल ओरिएंटेशन) और लिंग पहचान पर नियमित संवेदीकरण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। विभाग ट्रांसजेंडर लोगों के लिए अंतरराज्यीय बस टर्मिनलों पर कम से कम एक अलग शौचालय बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करेगा। (आरएनएस)

# कहीं आप भी तो नहीं करती शेपवियर का इस्तेमाल, इसे रोजाना पहनने के हैं यह साइडइफेक्ट्स



महिलाएं शेपवियर पहनना काफी ज्यादा पसंद करती हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि इसे पहनने के बाद किसी भी साइज और शेप की महिला फिट एंड कॉन्फिडेंट दिखती हैं।

आम बोलचाल की भाषा में यह कहना गलत नहीं होगा कि बॉडी को एक परफेक्ट शेप में दिखाने के लिए अक्सर महिला शेपवियर का इस्तेमाल करती है. स्लिमिंग बॉडी सूट से लेकर टमी कंट्रोल पैंटी तक का इस्तेमाल अक्सर महिला इसी वजह से करती है. हममें से कई ऐसी महिला हैं जो खुद को प्रेजेंटेबल बनाने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट दिखने के लिए शेपवियर का इस्तेमाल करती है. लेकिन बहुत सारी महिलाओं को यह पता नहीं है रोजाना शेपवियर पहनने से शरीर पर इसके कई सारे साइड इफेक्ट्स दिख सकते हैं।

**शेपवियर कैसे यूटीआई और यीस्ट इंफेक्शन का बनता है कारण**

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि रोजाना शेपवियर का इस्तेमाल सेहत के लिए काफी ज्यादा नुकसानदायक है. हेल्थ एक्सपर्ट और डॉक्टर्स के मुताबिक यह यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन से लेकर यीस्ट इंफेक्शन तक का खतरा बना रहता है. आज हम इस आर्टिकल के जरिए इसे रोजाना पहनने के साइड इफेक्ट्स के बारे में जानेंगे।

**शेपवियर पहनने से हो सकती हैं महिलाओं को यह बीमारी**

**यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन**

रोजाना शेपवियर पहनने से यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) होने का खतरा बढ़ सकता है. कपड़े के ज्यादा फिट होने के कारण यूरिनरी के पूरे फंक्शन पर दबाव पड़ सकता है।

जिसके कारण यूरिनरी टैक्ट में बैक्टीरिया पनप सकता है. जिसकी वजह यूटीआई होने की संभावना बढ़ सकती ह।

. कुछ शेपवियर पहनने से यूथेरा में जलन या असुविधा पैदा होती है. अगर आपको भी ऐसी दिक्कत हो रही है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें नहीं तो इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाएगा।

**यीस्ट इंफेक्शन**

शेपवियर जैसे टाइट-फिटिंग कपड़े पहनने से वजाइनल एरिया में जलन, गर्मी हो सकती है. जिसके कारण यीस्ट पनपने का खतरा बढ़ जाता है. इतनी टाइट फिटिंग कपड़ा पहने से आपको उस एरिया में खुजली और जलन हो सकती है. यदि आपको उस जगह पर खुजली हो रही है तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

**स्किन इंफेक्शन**

बहुत अधिक टाइट शेपवियर पहनने से आपके स्किन पर इंफेक्शन हो सकता है. जिसके कारण स्किन पर जलन और इफेक्शन फैल सकता है।

इसकी वजह से त्वचा पर कट या खरोंच भी आ सकते हैं। शेपवियर पहनने से आपको उस एरिया में लाल दाग और सूजन हो गया है तो आपको बचकर रहना चाहिए।

**पीठ दर्द**

हर दिन शेपवियर पहनने से आपके पेट और पीठ की मांसपेशियों पर अत्यधिक दबाव पड़ सकता है, जो समय के साथ पीठ दर्द और परेशानी का कारण बन सकता है।

इसके अलावा बहुत अधिक टाइट शेपवियर वाले कपड़े आपकी मांसपेशियों को खींच सकते हैं और मांसपेशियों में ऐंठन पैदा कर सकते हैं जो आगे चलकर पीठ दर्द बढ़ा सकते हैं. यदि आपको शेपवियर पहनते समय पीठ दर्द या किसी तरह की असुविधा होती है. जो आगे जाकर गंभीर बीमारी बन सकती है.

**पाचन संबंधी दिक्कतें**

शेपवियर जैसे टाइट-फिटिंग कपड़े इंटरनल बॉडी पार्ट को सिकुड़ सकते हैं. साथ ही आपकी पाचन शक्ति को भी काफी हद तक प्रभावित कर सकती है। इससे आपको गैस, सूजन, ऐंठन और पेट खराब की समस्या हो सकती है. लंबे वक्त तक ज्यादा टाइट कपड़ा पहनने से पेट और आंत सिकुड़ सकते हैं। इससे आपकी ब्लड सर्कुलेशन भी काफी हद तक प्रभावित हो सकती है. इसलिए कोशिश करनी चाहिए ढीले-ढाले कपड़े पहनने की।

# नवरात्रि का व्रत रखेगा सुकेश, जैकलिन के लिए जेल से फिर लिखी चिट्ठी; कहा-मेरी शेरनी...

ठगी के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद विचाराधीन कैदी सुकेश चंद्रशेखर ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को पत्र लिखा है। उसने इस पत्र के माध्यम से उसे बताया है कि अपने जीवन में पहली बार वह उसके लिए नवरात्र का 9 दिन व्रत रखेगा। यह व्रत उसकी सलामदी एवं उनके आसपास फैली नकारात्मकता को कम करने के लिए होगा। सुकेश ने पत्र में लिखा है कि जल्द ही सच्चाई सबके सामने आएगी और वह एक बार फिर साथ होंगे। उसने लिखा है कि नवरात्र के 9वें दिन वह मां वैष्णों देवी एवं महाकालेश्वर मंदिर के नाम पर पूजा करेगा। उसने दावा किया है कि सच्चाई सामने आने पर वह सभी लोग उदास होंगे जिन्होंने उनका मजाक बनाया है। जल्द ही दुनिया के सामने सच्चाई आएगी और उस पर लगे आरोप बेबुनियाद साबित होंगे।

जेल में बंद सुकेश की लिखी हुई चिट्ठी को उसके वकील के द्वारा जारी किया गया है। इसमें उसने लिखा, श्मेरी ज्यहतमे बेबी जैकलीन, दोहा शो के दौरान तुम सुपर हॉट और बेहद ही सुन्दर लग रही थीं। बेबी, तुमसे ज्यादा सुंदर कोई नहीं है, मेरी बोम्मा। बेबी, क्योंकि कल से नवरात्रि शुरू हो रहे हैं। इस दौरान मैं पहली नौ दिनों का उपवास करने जा रहा हूं। इससे मां सब कुछ ठीक कर देंगी। (आरएनएस)

# इन टिप्स की मदद से मेकअप को बना सकती हैं परफेक्ट

खूबसूरत दिखना हर एक महिला को पसंद होता है। इसके लिए वो कई तरह के नुस्खे और ब्यूटी ट्रीटमेंट कराती हैं। कई महिलाएं होती हैं जो मेकअप से ही लुक को परफेक्ट बनाने की पूरी कोशिश करती हैं। लेकिन कई बार पूरा मेकअप होने के बाद भी आप अपने लुक को लेकर खुश दिखाई नहीं देते।

दरअसल मेकअप करना भी एक तरह का आर्ट वर्क ही है, जो हर किसी को परफेक्ट तरीके से नहीं आती है। आपके चेहरे पर किस तरीके का मेकअप सूट करेगा, सबसे पहले आपको इस बारे में आइडिया होना चाहिए, साथ ही कितनी मात्रा में किस प्रोडक्ट को इस्तेमाल करना चाहिए। ये भी सही तरीके से मालूम होना चाहिए। अगर आप मेकअप का शौक रखती हैं और चाहती हैं पार्टी या फंक्शन में परफेक्ट लगे, तो इसके लिए इन टिप्स को ट्राई करें।



आपको सबसे पहले अपनी स्किन को अच्छा रखना होगा। इसके लिए आप घरेलू नुस्खों को ट्राई कर सकती हैं। क्योंकि स्किन जितनी अच्छी होगी, मेकअप आपके फेस पर उतना ही अच्छे लगेगा। आपको मेकअप करने से पहले क्लींजिंग, टोनर और मॉइश्चराइजर अपने फेस पर जरूर अप्लाई करना होगा। तभी आपका मेकअप सही से सेट हो पाएगा।

जब आप अपने फेस पर मॉइश्चराइजर लगा लें तो, इसके बाद स्किन को स्मूद बनाने के लिए प्राइमर का इस्तेमाल करें। प्राइमर स्किन को अच्छे से प्रेप करेगा साथ ही एक चेहरे पर चमक बनाए रखेगा। इसे करीब 5 मिनट तक चेहरे पर लगे रहने दें। फिर आगे मेकअप का बेस बनाएं।

अक्सर हम प्राइमर लगाने के बाद कंसीलर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इससे पहले आपको फाउंडेशन का इस्तेमाल करना है। इस बात का ध्यान रखें कि वो आपकी स्किन से मैच हो और एसपीएफ युक्त हो। इसके बाद अगर आपको आंखों नीचे या फिर होंठ के पास वाली स्किन काली नजर आ रही है तो कंसीलर की मदद से उसे छुपाएं और लूज पाउडर की मदद से बेस को सेट करें

इसके बाद आप सेटिंग स्प्रे लें और फेस पर स्प्रे कर लें। करीब 5 मिनट तक फेस पर कोई भी चीज अप्लाई न करें। इससे आपका मेकअप (मेकअप करने से पहले करें ये काम) जल्दी ही सेट हो जाएगा और स्किन पर गजब का शाइन एड हो जाएगा। अब आप अपना आई मेकअप कर सकती हैं और लिप्स पर अपने ड्रेस के हिसाब से मैचिंग लिपस्टिक लगा सकती हैं, ताकि आपका लुक परफेक्ट लगे।

इन टिप्स की मदद से आप अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं, साथ ही पार्टी या फंक्शन में पार्लर में पैसे खर्च किए बिना खूबसूरत लग सकती हैं। आपको ये तरीके कैसे लगे हमें कमेंट करके जरूर बताएं।

# छोटे बालों में कैसी हेयर स्टाइल बनायें

अगर आपके बाल भी छोटे हैं, और आप क्लासी हेयर स्टाइल की तलाश कर रहीं हैं तो ये लेख पढ़ कर आपकी तलाश खत्म हो जाएगी। आज के लेख में हम आपको छोटे बालों के हिसाब से हेयर स्टाइल बनाना सिखाएंगे। ताकि जिन लड़कियों के बाल छोटे हैं, वो अपने लुक के हिसाब से बालों को स्टाइल कर सकें।

बाल चाहे कैसे भी हों आप उसके साथ मेसी बन बना सकती हैं। मेसी बन में लुक बेहद ही प्यारा लगता है। इसे बनाते वक्त बालों को कर्ल जरूर करें। इसके लिए स्टाइलिंग टूल की हेल्प ले सकती हैं। वेस्टर्न आउटफिट के साथ-साथ ये साड़ी के साथ भी अच्छा लगता है।

**हाफ क्लेचर:** अगर आपके बाल छोटे हैं तो आप इस तरह से हाफ क्लेचर लगा सकती हैं। हाफ बालों में क्लेचर लगाने के अलावा आप चाहें तो स्टाइलिश सी रबड़ लगा सकती हैं।

**क्यूट सा बन:** जिस तरह से हाफ क्लेचर हेयरस्टाइल बनाई जाती है। उसी तरह से आप हाफ बालों में क्यूट सा बन बना सकती हैं। इसे बनाना बेहद आसान होता है। ये देखने में काफी कूल लुक भी देता है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# अगर इस तरीके से लगाएंगे आईलाइनर तो ऐसा लगेगा जैसे मेकअप आर्टिस्ट ने लगाया होगा!



जब मेकअप की बात आती है, तो आईलाइनर गेम-चेंजर हो सकता है. जो आपके लुक में चार चांद लगा सकता है. हालांकि,आजकल मार्केट में आईलाइनर में कई सारे ऑप्शन मिल रहे हैं. आज हम आपको बेस्ट आईलाइनर तकनीक पेश करने जा रहे हैं. आज हम लिक्विड, पेंसिल, जेल जैसे कई तरह के आईलाइनर के टाइप्स बताएंगे. साथ ही आपको यह भी बताएंगे कि किस तरह से प्रोफेशनल तरीके से आप आईलाइनर लगाया जा सकता है. आप क्लासिक कैट-आई या ट्रेंडी विंग्ड लुक का लक्ष्य रख रहे हों, हमने आपको कवर कर लिया है. हमारी विशेषज्ञ और तरकीबें यह सुनिश्चित करेंगी कि आप किसी भी अवसर के लिए तैयार हैं. जिससे आपको ऐसे लुक बनाने में मदद मिलेगी जो आपकी अनूठी शैली से मेल खाते हों. क्या आप अपने आईलाइनर कौशल को बढ़ाने और खुद को पहले की तरह अभिव्यक्त करने के लिए तैयार हैं?

**टाइप्स और आईलाइनर्स**

जब आईलाइनर की बात आती है, तो कई सारे ऑप्शन है. यहां कुछ प्रकार दिए गए हैं जिनके बारे में आपको जानना चाहिए और आप अपनी पसंदीदा लुक के अनुसार इनमें से चुन सकते हैं।

**लिक्विड आईलाइनर**

लिक्विड आईलाइनर बिल्कुल वैसा ही है जैसा यह लगता है. यह एक ऐप्लिकेटर वाली ट्यूब में एक तरल पदार्थ है. आप विभिन्न प्रकार के एप्लिकेटर पा सकते हैं, बारीक ब्रश से लेकर धातु या प्लास्टिक से बने मोटे एप्लिकेटर तक. लिक्विड आईलाइनर विभिन्न पंखों वाला लुक बनाने के लिए शानदार हैं, जैसे छोटी पलकें, सटीक रेखाएं, या नाटकीय बिल्ली की आंखें। याद रखें कि दाग लगने से बचने के लिए इसे ठीक से सूखने दें।

**जेल आईलाइनर**

जेल आईलाइनर में अर्ध-ठोस, जेल जैसी बनावट होती है. वे बर्तन या पेंसिल में आते हैं और नियमित पेंसिल लाइनर की तुलना में अधिक लचीले लगते हैं. जेल आईलाइनर अपने टिकाऊपन और दाग-धब्बे के प्रतिरोध के लिए जाने जाते हैं. आप उनका उपयोग धुंधली आंखें, धुंधले पंख, या यहाँ तक कि ग्राफिक डिजाइन बनाने के लिए भी कर सकते हैं। यदि आप लंबे समय तक पहनना चाहते हैं, तो वाटरप्रूफ संस्करण चुनें.

**पेंसिल आईलाइनर**

पारंपरिक पेंसिल आईलाइनर, जिन्हें काजल या कोहल लाइनर भी कहा जाता है, पतली पेंसिल के आकार में आते हैं। उनकी बनावट नरम, सूखी और रेशमी है, जो बोल्ड लेकिन सौम्य आई मेकअप लुक पाने के लिए बिल्कुल सही है. हालांकि वे आम तौर पर काले और भूरे रंग में आते हैं, अब आप उन्हें विभिन्न रंगों में पा सकते हैं. पेंसिल आईलाइनर शुरुआती लोगों के लिए अनुकूल हैं और इन्हें सीधे आपकी लैश लाइन या वॉटरलाइन पर लगाया जा सकता है. कुछ में बिल्ट-इन स्मजिंग स्पंज भी शामिल होता है, लेकिन आई प्राइमर का उपयोग करने से उन्हें लंबे समय तक टिके रहने में मदद मिल सकती है।

**फेल्ट-टिप आईलाइनर**

फेल्ट-टिप आईलाइनर एक प्रकार का तरल आईलाइनर है जिसमें बिल्ट-इन फेल्ट टिप होता है. पारंपरिक तरल आईलाइनर के विपरीत, फेल्ट टिप शीर्ष पर खुला रहता है, जो ट्यूब से तरल को सोख लेता है. इसे लगाना एक मार्कर का उपयोग करने के समान है, और कुछ लोगों को लगता है कि इससे उन्हें अधिक नियंत्रण मिलता है. सटीक विंग्ड आईलाइनर लुक प्राप्त करने के लिए यह उत्कृष्ट है।

**क्रीम आईलाइनर**

क्रीम आईलाइनर का फॉर्मूला मलाईदार और मिश्रण योग्य होता है, जो उन्हें प्राकृतिक, मुलायम लुक या बोल्ड और नाटकीय लुक पाने के लिए एकदम सही बनाता है. आप उन्हें पेंसिल के रूप में, ट्यूब या पॉट में पा सकते हैं, प्रत्येक अलग-अलग आईलाइनर-आवेदन तकनीकों के लिए अद्वितीय लाभ प्रदान करता है।

# शब्द सामर्थ्य -215

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 214 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## मोनालिसा ने गिराईं हुस्न की बिजलियां, बोल्डनेस ने उड़ाए यूजर्स के होश

एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका बोल्ड अंदाज सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज और ग्लैमरस अदाएं देखकर फैंस का दिल मचल गया है। भोजपुरी क्वीन मोनालिसा इन दिनों भले ही किसी टीवी शो में नजर नहीं आ रही हैं। लेकिन वो आए दिन अपनी बोल्ड फोटोज से इंटरनेट पर तबाही मचा देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा ने पर्पल कलर की मिनी ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही बेहद ही स्टनिंग नजर आ रही हैं। मोनालिसा आए दिन अपने नए-नए लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक लोगों के बीच ट्रेंड करता है। साथ ही फैंस उनके कातिलाना अदाओं को देखकर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं।



इन फोटोज में एक्ट्रेस अपनी परफेक्ट टोंड बॉडी फ्लॉन्ट करती हुई फैंस को अपने हुस्न का दीवाना बनाती हुई नजर आ रही हैं। सोफे में बैठे हुए एक्ट्रेस मोनालिसा ने एक से बढकर एक सेक्सी पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाई हैं।

मोनालिसा ने अपनी इन फोटोज को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा है- हर पर्पल पल का आनंद ले और साथ ही हार्ट इमोजी भी शेयर किया है।

## फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर जारी कार्तिक आर्यन का दिखा धांसू अवतार

लाखों लड़कियों के क्रश बॉलीवुड के हैंडसम हंक एक्टर कार्तिक आर्यन एक बार फिर फैंस की धडकनें तेज करने के लिए तैयार हैं। एक्टर जल्द ही फिल्म 'चंदू चौंपियन' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर कार्तिक पहले से ही काफी एक्साइटेड हैं, क्योंकि हमेशा पर्दे पर रोमांस और कॉमेडी करने वाले कार्तिक इस बार इस फिल्म में लोगों को जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आने वाले हैं। कार्तिक आर्यन ने फिल्म 'चंदू चौंपियन' का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर के साथ कार्तिक ने खास मैसेज भी लिखा है, तो आइए आपको बताते हैं विस्तार से।

कार्तिक आर्यन ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'चंदू चौंपियन' का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में कार्तिक एक्शन अवतार में नजर आ रहे। हाथों में गन ताने जंग के मैदान में कार्तिक पूरे जोश के साथ दुश्मनों पर फायरिंग करते हुए नजर आ रहे हैं।

इस पोस्टर के साथ एक्टर ने कैप्शन में लिखा है- '8 मिनट लंबा यह सिंगल-शॉट युद्ध दृश्य मेरे अभिनय करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण, शानदार और हां, कठिन लेकिन सबसे यादगार शॉट साबित हुआ। मुझे जिंदगी भर के लिए याद रखने योग्य मेमोरी देने के लिए कबीर खान सर आपका बहुत धन्यवाद।'

बता दे कि 'चंदू चौम्पियन' एक खिलाड़ी की असल जिंदगी की कहानी है। जिसको कबीर खान डायरेक्ट कर रहे हैं। यह कार्तिक और कबीर की पहली और नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के साथ दूसरी साझेदारी है।

## फिल्म सैम बहादुर से विक्की कौशल की झलक आई

विक्की कौशल को पिछली बार द ग्रेट इंडियन फैमिली में देखा गया था, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। आने वाले दिनों में विक्की एक से बढकर एक फिल्मों में नजर आएंगे। सैम बहादुर उनकी बहुचर्चित फिल्मों में शुमार है। फिल्म का टीजर 13 को भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के दौरान लॉन्च किया जाएगा। इससे पहले सैम बहादुर से विक्की का नया लुक जारी कर दिया है, जिसमें वह दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं।

विक्की ने इंस्टाग्राम पर सैम बहादुर से अपना लुक साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, एक अच्छे जीवन के लिए।सामने आए पोस्टर में बड़े-बड़े अक्षरों में जिंदगी उनकी, इतिहास हमारा लिखा है। सैम बहादुर का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। इसमें फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा भी है।सैम बहादुर 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। टिकट खिडकी पर इस फिल्म का मुकाबला रणबीर कपूर की एनिमल से होगा।

सैम बहादुर में विक्की भारत के महानतम युद्ध नायकों में से एक सैम मानेकशॉ का जीवन पर्दे पर उतारने वाले हैं। 1971 के भारत-पाक युद्ध में उनकी सैन्य जीत के कारण बांग्लादेश का निर्माण हुआ। 1972 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया। 1973 में मानेकशॉ को फील्ड मार्शल की उपाधि से नवाजा गया। 1973 में सेना प्रमुख के पद से रिटायर होने के बाद वह वेलिंगटन चले गए, जहां 2008 में उनका निधन हो गया।

## रिलीज के 14वें दिन फुकरे-3 ने कर दिया कमाल, 80 करोड़ के पार हुई वरुण-पुलकित की फिल्म

पुलकित सम्राट-ऋचा चड्ढा स्टारर 'फुकरे 3' ने भी साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बनने की ओर तेजी से बढ़ रही है. कंगना रनौत स्टारर 'चंद्रमुखी 2' और विवेक अग्निहोत्री की 'द वैक्सीन वॉर के साथ क्लैश' होने के बावजूद फुकरे गैंग का जादू दर्शकों पर चल गया और कॉमिक-कैपर फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त अपनी उम्मीदों पर खरी उतरने में कामयाब रही है. इसी के साथ ये इस साल की एर और बड़ी कमर्शियल हिट बन गई हैं. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कलेक्शन कर लिया है. चलिए यहां जानते हैं 'फुकरे 3' ने रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे बुधवार को कितने नोट छापे हैं?




हॉरर-कॉमेडी 'चंद्रमुखी 2' को लेकर भारी चर्चा थी क्योंकि इसमें कंगना थीं. जबकि बायोसाइंस-थ्रिलर द वैक्सीन वॉर को लेकर भी प्रचार कम नहीं था क्योंकि यह कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय वायरोलॉजिस्टों के संघर्ष और प्रयासों को दर्शाता है. हालाँकि, दोनों ही फिष्ल्में बॉक्स ऑफिस पर चारों खाने चित्त हुईं, लेकिन दिल्ली के बैकग्राउंड पर बेस्ड हल्की-फुल्की कॉमेडी के साथ फुकरे 3 गेम चेंजर साबित हुई और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छाप डाले. ये फिल्म अपने दूसरे हफ्ते में भी करोड़ों में कमाई कर रही है हालांकि अब इसके कलेक्शन में गिरावट देखी जा रही है. जहां 'फुकरे 3' ने दूसरे मंडे 1.41 करोड़ की कमाई की तो वहीं दूसरे मंगलवार फिल्म का कलेक्शन 1.38 करोड़ रुपये रहा. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक 'फुकरे 3' ने रिलीज के 14वें दिन 1.30 करोड़ रुपये की कमाई की है. इसी के साथ 'फुकरे 3' की 14 दिनों की कुल कमाई अब 80.47 करोड़ रुपये हो गई है.

'फुकरे 3' ने हालिया रिलीज फिल्मों की बुरी गत कर दी है. हाल ही में अक्षय कुमार की मिशन रानीगंज भी 'फुकरे 3' के आगे बॉक्स ऑफिस पर बेबस ही साबित हो रही है।

वहीं कॉमेडी फिल्म को रिलीज हुए महज 14 दिन हुए हैं और इसने 80 करोड़ का आंकड़ा पार कर इतिहास रच दिया है. वहीं अब ऋचा चड्ढा, वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और पंकज त्रिपाठी सहित कई अन्य कलाकारों की दमदार अदाकारी से सजी ये फिल्म 100 करोड़ के आंकड़े को पार करने की ओर बढ़ रही है. देखने वाली बात होगी कि ये फिल्म इस माइल स्टोन को कब पार करती है।

## बिग बॉस 17 में नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा की बहन मन्नारा?



चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 17 के शुरू होने में बस अब कुछ ही दिन बाकी हैं। इसका प्रीमियर 15 अक्टूबर की रात 9 बजे कलर्स टीवी और जियो सिनेमा पर होगा।हाल ही में खबर है कि मुनव्वर फारूकी इस शो में बतौर प्रतियोगी नजर आएंगे।बिग बॉस 17 की सूची में अब एक और नाम शामिल हो गया है।रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा की बहन मन्नारा बिग बॉस के घर में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं।

मन्नारा ने 2014 में आई तेलुगु फिल्म प्रेमा गीमा जांथा नाई के जरिए अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।

उन्होंने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत फिल्म जिद से की थी, जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी।मन्नारा अब तक संदामारुथम, कावल, जक्कन्ना, थिक्का और सीता जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

मन्नारा कुछ समय पहले तब चर्चा में आईं, जब फिल्म थिरागबदरा सामी के कार्यक्रम में निर्देशक ने उन्हें जबरदस्ती गालों पर किस किया था।

## राम बनने के लिए मांस-मदिरा छोड़ेंगे रणबीर कपूर, रामायण से पहले होगी कठिन परीक्षा

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर के सितारे चमक रहे हैं. एक्टर अपकमिंग फिल्म एनिमल के ट्रेलर के बाद से छाए हुए हैं. फिल्म में उनकी केमेस्ट्री साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के साथ काफी पसंद की जा रही है. इधर फैंस एनिमल के अलावा रणबीर को भगवान राम के किरदार में देखने के लिए भी काफी एक्साइटेड हैं. रणबीर और आलिया भट्ट का नाम साउथ फिल्म रामायण के लीड स्टार्स के रूम में शामिल हैं. काफी समय से रामायण की खबरें चल रही हैं. इस बीच खबर आई है कि भगवान श्रीराम के किरदार के लिए रणबीर कठिन तपस्या से गुजर रहे हैं. एक्टर ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम बनने के लिए अपनी डाइट में भी बदलाव किया है.



साउथ की बड़े बजट की फिल्म रामायण में रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभाएंगे. इस फिल्म के लिए रणबीर कड़ी मेहनत कर रहे हैं. खबर है कि फिल्म के लिए रणबीर ने मांस-मदिरा को भी त्याग दिया है. एक्टर नॉनवेज-ड्रिंक से दूरी बनाएंगे. रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि रणबीर ने फैसला लिया है कि रामयाण के लिए वो शराब और मांस को हाथ भी नहीं लगाएंगे. हालांकि, इस खबर के बारे में मेकर्स या रणबीर की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है।

रामायण नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही है. फिल्म में रणबीर कपूर के साथ साउथ की टॉप एक्ट्रेस साई पल्लवी नजर आएंगी. वो माता-सीता का किरदार निभाएंगी. इससे पहले एक्ट्रेस आलिया भट्ट का नाम माता सीता के रोल में सामने आया था। रणबीर कपूर की फिल्म रामायण काफी चर्चा में है. ये फिल्म बाहुबली जैसी बड़े बजट की फिल्म होगी. साथ ही इसमें एआई का करिश्मा भी देखने को मिलेगा. फिल्म में केजीएफ एक्टर यश रावण का किरदार निभाएंगे. हालांकि, अभी तक अभिनेता ने इसको लेकर किसी तरह का बयान नहीं दिया है. अगले साल 2024 में रामायण की शूटिंग शुरू होने की संभावना है!

# क्षेत्रीय पार्टियां क्या खत्म हो सकती हैं?

अजीत द्विवेदी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्षेत्रीय पार्टियों का क्या भविष्य होगा? क्या वे खत्म हो जाएंगी या अब ऐसा समय आ गया है कि और ज्यादा मजबूत होंगी? जेपी नड्डा पांच अक्टूबर को पटना गए थे, जहां उन्होंने कैलाशपति मिश्र की सौवीं जयंती के कार्यक्रम में कहा कि क्षेत्रीय पार्टियां परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती हैं इसलिए ये खत्म हो जाएंगी। इससे ठीक 14 महीने पहले 31 जुलाई 2022 को भी पटना में ही जेपी नड्डा ने यह बात कही थी।

उन्होंने कहा था कि भाजपा अपनी विचारधारा पर चलती रही तो क्षेत्रीय पार्टियां देश से खत्म हो जाएंगी। उनके इस बयान के एक हफ्ते के बाद ही नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यू ने भाजपा से नाता तोड़ लिया था और नीतीश कुमार राजद व कांग्रेस की मदद से मुख्यमंत्री बन गए थे। एक साल बाद जब नड्डा ने फिर यह बयान दिया है तो इस पर बिहार में बहस छिड़ गई है। इस बार उनके बयान का भाजपा की सहयोगी क्षेत्रीय पार्टियां विरोध नहीं कर रही हैं, बल्कि अपनी अलग व्याख्या करके किसी तरह अपने को बचाने की कोशिश कर रही हैं।

तभी यह सवाल है कि क्या भारत में क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो सकती हैं या देश में ऐसी स्थितियां बन रही हैं, जिनमें क्षेत्रीय पार्टियां और मजबूत हो सकती हैं? ध्यान रहे भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों की यह मंशा रही है कि देश में दो ही पार्टियां हों। जब कांग्रेस अपनी सत्ता और ताकत के चरम पर थी तब वह भी ऐसा सोचती थी कि क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो जाएंगी।

उसने बहुत प्रयास भी किए और अपने कई सहयोगी पार्टियों को खत्म करने की सक्रिय कोशिश की। हालांकि कामयाबी नहीं मिली। उस समय भाजपा सहयोगी क्षेत्रीय पार्टियों के दम पर फल-फूल रही थी तो वह चुप रहती थी। अब कांग्रेस कमजोर है और भाजपा अपनी ताकत के चरम पर है तो उसके नेता गाहे-बगाहे इस तरह की मंशा जाहिर करते रहते हैं कि क्षेत्रीय पार्टियां देश से खत्म हो जाएं।

लेकिन नड्डा के बयान और भाजपा की वास्तविक राजनीति में बड़ा विरोधाभास है। एक तरफ भाजपा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के बरक्स अपने गठबंधन एनडीए का विस्तार करना शुरू किया है तो दूसरी ओर नड्डा क्षेत्रीय पार्टियों के खत्म होने की बात कर रहे हैं।

ध्यान रहे जुलाई में जिस दिन बेंगलुरू में विपक्षी गठबंधन की बैठक थी, जिसमें 27 पार्टियां शामिल हुई थीं उसी दिन दिल्ली में भाजपा ने एनडीए की बैठक की थी, जिसमें 38 पार्टियां शामिल हुई थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद आगे बढ़ कर हर छोटे-बड़े नेता का स्वागत किया था। इसमें ऐसी पार्टियों के नेता भी शामिल हुए थे, जिनका न तो कोई विधायक है और न कोई सांसद। दिलचस्प बात यह है कि ज्यादातर क्षेत्रीय पार्टियां, जो एनडीए से जुड़ी हैं वे परिवार की पार्टियां हैं। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा, अपना दल (सोनेलाल), एनसीपी का अजित पवार गुट, जननायक जनता पार्टी आदि के नेता भाजपा की बुलाई बैठक में शामिल हुए थे। ये ऐसी पार्टियां हैं, जो संस्थापक नेताओं के बेटे, बेटियों, भाइयों, भतीजों आदि द्वारा संचालित हैं। यह भी दिलचस्प है कि कई पार्टियों के नेता भ्रष्टाचार के बड़े आरोपों से घिरे हैं। यानी परिवारवादी भी हैं और भ्रष्टाचार में आरोपी भी हैं फिर भी भाजपा को उन्हें गठबंधन में रखने और उनके साथ चुनाव लडने में दिक्कत नहीं है।

अब सवाल है कि जब भाजपा इस तरह से परिवारवादी और भ्रष्टाचार की आरोपी क्षेत्रीय पार्टियों को साथ रख कर आगे बढ़ाएगी तो वह इन्हें खत्म करने का अभियान कैसे पूरा कर पाएगी? यहां तो नीयत में ही एकरूपता नहीं दिख रही है।

एक तरफ खत्म करने की बात हो रही है और जेपी नड्डा कह रहे हैं कि भाजपा अब किसी पार्टी को कंधे पर नहीं बैठाएगी और दूसरी ओर क्षेत्रीय पार्टियों को कंधे पर उठा कर उनको ऊंचा बनाया जा रहा है! बिहार में नीतीश के गठबंधन छोड़ कर जाने के बाद नड्डा ने यह स्टैंड लिया है कि पार्टी अब किसी को कंधे पर नहीं बैठाएगी और उधर महाराष्ट्र में शिव सेना से अलग हुए एकनाथ शिंदे को कंधे पर उठा कर मुख्यमंत्री बनाया है। इतना ही नहीं जिस पार्टी पर भाजपा ने 70 हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है उसी के नेता अजित पवार को उनकी पसंद का मंत्रालय देकर उप मुख्यमंत्री बनाया है। कर्नाटक में खत्म हो रही जेडीएस को अपने साथ जोड़ कर भाजपा ने ऑक्सीजन दिया है ताकि वह जिंदा हो सके। यही काम वह आजसू के साथ झारखंड में करने जा रही है। यही काम वह बिहार की चार क्षेत्रीय पार्टियों के साथ करेगी। उत्तर प्रदेश में अनुप्रिया पटेल की पार्टी के साथ किया है, झारखंड में आजसू, हरियाणा में जजपा आदि पार्टियों को भाजपा ने ही ऑक्सीजन दिया है।

बड़ा गठबंधन बनाने की होड़ में कांग्रेस और कुछ अन्य क्षेत्रीय पार्टियों ने मिल कर 'इंडिया' का गठन किया है, जिसमें दो दर्जन से ज्यादा पार्टियां जुड़ी हैं। हर पार्टी के मजबूत होने की स्थितियां गठबंधन की वजह से बन रही हैं।

एनसीपी, शिव सेना, तृणमूल कांग्रेस, राजद, जेएमएम, डीएमके, समाजवादी पार्टी आदि पहले से बड़ी पार्टियां हैं और गठबंधन की वजह से ये पार्टियां और मजबूत होंगी। यानी कांग्रेस और भाजपा दोनों मिल कर क्षेत्रीय पार्टियों को ताकत दे रहे हैं। ऐसे में उनके खत्म होने की बात करना एक राजनीतिक बयानबाजी से ज्यादा कुछ नहीं है।

इस बीच एक और घटनाक्रम यह हुआ है कि बिहार ने जाति गणना करा कर जातियों के आंकड़े जारी कर दिए हैं। अब कांग्रेस पूरे देश में जाति गणना का वादा कर रही है। जहां भी कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों की सरकार है वहां जाति गणना होगी और सभी जातियों के आंकड़े सार्वजनिक होंगे। इससे जाति आधारित पार्टियों के लिए मौका बन रहा है। जैसे बिहार की जाति गणना से कई प्रादेशिक पार्टियों की ताकत बढ़ी है। मल्लाह नेता मुकेश सहनी अपनी जाति की 10 फीसदी आबादी का दम भर रहे हैं तो जीतन राम मांझी पांच फीसदी, चिराग पासवान पांच फीसदी और उपेंद्र कुशवाहा चार फीसदी आबादी का नेता होने का दावा कर रहे हैं।

ध्यान रहे जैसे जैसे जातियों की संख्या पता चलेगी वैसे वैसे जातीय अस्मिता मजबूत होगी और सामाजिक पहचान मजबूत होने के बाद उसको राजनीतिक पूंजी में बदलने का प्रयास तेज होगा। तब जाति विमर्श और बढ़ेगा। देश में जाति आधारित पार्टियां बनेंगी और उनका विस्तार भी होगा। तमिलनाडु में कुछ साल पहले यह प्रक्रिया चली थी और अब उत्तर प्रदेश, बिहार सहित हिंदी पट्टी के राज्यों में चलेगी। इससे क्षेत्रीय पार्टियां कमजोर होने की बजाय मजबूत होंगी। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.215

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.214 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# जिनके लगे हैं बड़े दांव...

निर्वाचन आयोग ने महीने भर से भी ज्यादा चलने वाले चुनाव कार्यक्रम का एलान कर दिया है। इस दौरान पार्टियों की संसाधन जुटाने की क्षमता और उनकी आंतरिक शक्ति की भी परीक्षा होगी। कांग्रेस के लिए चुनौतियां ज्यादा हैं।

पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिए नवंबर में होने वाले चुनाव में सबसे कड़े इम्तिहान से कांग्रेस को गुजरना होगा। यह अकेली पार्टी है, जिसका चार राज्यों में बड़ा दांव लगा होगा।

वैसे तो बड़ा दांव भाजपा का भी है, लेकिन तेलंगाना में अगर वह बहुत बेहतर नतीजे नहीं लाती है, तब भी इसे उसकी राष्ट्रीय आम चुनाव की संभावनाओं से जोड़ कर नहीं देखा जाएगा। जबकि कांग्रेस की परीक्षा राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ तेलंगाना में भी है, जहां उसका मुख्य मुकाबला भारत राष्ट्र कांग्रेस (बीआरएस) से होने की संभावना है। बाकी तीन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने होंगी। मिजोरम में ये दोनों पार्टियां अपने गठबंधन सहयोगियों के भरोसे मैदान में उतरेंगी।

अगर पिछले विधानसभा चुनाव को आधार मानें, तो तेलंगाना में बीआरएस की बढ़त लगभग 20 प्रतिशत वोटों की है। आम तौर पर पांच साल के अंतर पर इतनी बड़ी खाई को पार कर पाना संभव नहीं होता है।

ऐसे में कांग्रेस के लिए बेहतर उम्मीद यही होगी कि वह अपने लगभग 28 प्रतिशत के वोट आधार और पिछली बार मिली सीटों में बड़ा सुधार करके दिखाए।

उधर छत्तीसगढ़ में भाजपा के सामने चुनौती दस प्रतिशत वोटों के अंतर को पाटने की है। सामान्य स्थितियों में ऐसा करना भी आसान नहीं होता। राजस्थान और मध्य प्रदेश दोनों राज्यों में 2018 में भाजपा और कांग्रेस के वोट प्रतिशत लगभग बराबर थे।

इसलिए वहां दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना जताई जा सकती है। राजस्थान में कांग्रेस, तो मध्य प्रदेश में भाजपा के सामने एंटी-इन्कम्बैंसी को काबू में रखने की चुनौती होगी। निर्वाचन आयोग ने महीने भर से भी ज्यादा चलने वाले चुनाव कार्यक्रम का एलान कर दिया है। इस दौरान पार्टियों की संसाधन जुटाने की क्षमता और उनकी आंतरिक शक्ति की भी परीक्षा होगी।

संसाधनों के मामले में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। इस लिहाज से कांग्रेस के सामने कहीं अधिक मुश्किलें पेश आएंगी।

अब नजर इस पर होगी कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हो रहे इन मुकाबलों में बड़ी चुनौतियों के मद्देनजर दोनों पार्टियां कैसा दमखम दिखाती हैं। यह निर्विवाद है कि तीन दिसंबर को आने वाले नतीजों का बड़ा मनोवैज्ञानिक प्रभाव होगा।(आरएनएस)

## जाति गणना पर सीडब्लुसी की बैठक!

कांग्रेस पार्टी बिहार में हुई जाति गणन को गंभीरता से ले रही है और किस तरह से इसका राजनीतिक इस्तेमाल हो सकता है इस पर पार्टी विस्तार से विचार करेगी। बताया जा रहा है कि कांग्रेस की कार्य समिति यानी सीडब्लुसी की बैठक इस मुद्दे पर हो सकती है। हालांकि बैठक कब होगी और उसका एजेंडा क्या होगा यह पता नहीं है। ध्यान रहे अभी पांच राज्यों में विधानससभा के चुनाव होने वाले हैं। चुनाव आयोग किसी भी समय इसकी घोषणा कर सकता है। ऐसे में कांग्रेस के सारे नेता प्रचार में लगेंगे या चुनावी कामकाज में व्यस्त हो जाएंगे। सो, उससे पहले ही इस मसले पर बैठक करनी होगी या फिर चुनाव के बाद बैठक होगी।

कांग्रेस के जानकार नेताओं का कहना है कि पार्टी पांच राज्यों के चुनाव में इसका मुद्दा बनाने वाली है। राहुल गांधी अपनी सभाओं में खुल कर जाति गणना का समर्थन कर रहे हैं और वादा कर रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार केंद्र में बनी तो पूरे देश में जाति गणना कराएगी। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मसले पर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया है और कहा है कि कांग्रेस पहले भी जात-पात पर देश को बांटती थी और अब भी वही पाप कर रही है। इसका मतलब है कि भाजपा की नजर में जाति गणना पाप है।

# चरस के साथ गिरफ्तार

देहरादून(संवाददाता)। पुलिस ने चरस के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान श्यामपुर में एक स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 125 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम संदीप मनोडी पुत्र हरि प्रसाद मनोडी निवासी शिवाजी नगर ऋषिकेश बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# एक किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

देहरादून(संवाददाता)। पुलिस ने एक किलो गांजे के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने ब्रहमपुरी के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूर पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से एक किलो 600 ग्राम गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम शमीम पुत्र नरू मौहम्मद निवासी कांवली जीएमएस रोड बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## शराब के साथ गिरफ्तार

देहरादून(संवाददाता)। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैण्ट कोतवाली पुलिस ने ओएनजीसी फायर स्टेशन के पास एक स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूर पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 96 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहित निवासी अपर राजीव नगर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# उत्तराखंड आंदोलनकारियों के सम्मान से हुआ भव्य रामलीला का मंचन

देहरादून(संवाददाता)। उत्तराखण्ड आंदोलनकारियों के सम्मान के साथ भव्य रामलीला का मंचन किया गया। दूसरे दिन ताडका वध के मंचन ने दर्शकों का मनमोह लिया।

आज यहां श्री रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952, देहरादून द्वारा गढ़वाल की ऐतिहासिक राजधानी - पुरानी टिहरी की 1952 से होने वाली प्राचीन रामलीला को टिहरी के जलमग्न होने के बाद देहरादून में पुर्नजीवित करने का संकल्प लिया है और इस हेतु देहरादून के टिहरी-नगर के आजाद मैदान, अजबपुर कलां, दून यूनिवर्सिटी रोड, देहरादून में 11 दिन की भव्य रामलीला का आयोजन शारदीय नवरात्रों में 15 से 25 अक्टूबर 2023 तक किया जा रहा है। श्री रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952, देहरादून ष के अध्यक्ष अभिनव थापर ने कहा टिहरी गढ़वाल उत्तराखंड आंदोलन का प्रमुख केंद्र रहा, 1994 में आंदोलन में सभी वर्गो व व्यापारियों ने इसमें अपना सहयोग दिया।

उत्तराखंड राज्य का निर्माण संघर्षों, बलिदानों और शहादत से हुआ है अत: रामलीला ने आज के दिवस को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को समर्पित कर शहीदों को नमन कर रामलीला मंचन किया गया। रामलीला द्वितीय दिवस में ताडिका वध का शानदार मंचन रहा। ताडिका अपने साथियों के साथ जनता के बीच आग उगलते हुए ड्रोन के साथ मंच पर प्रवेश किया और दर्शकों ने तकनीक और ताडिका के अद्भुत संगम को तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। आरती का आकर्षण में दर्शकों ने आनंद लिया। कार्यक्रम में अतिथिगणों के रूप में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी, प्रदीप कुकरेती, रविन्द्र जुगरान, अमित ओबरॉय, जयदीप सकलानी, राम लाल खंडूरी आदि का सम्मान किया गया।

# श्रद्धा पूर्वक मनाई गई गई कत्तक महीने की संग्राद

संवाददाता

देहरादून। कत्तक महीने की संग्राद श्रद्धा पूर्वक मनायी गयी।



आज यहां प्रात: नितनेम के पश्चात हजूरी रागी भाई चरनजीत सिंह ने आसा दी वार का शब्द 'सतगुरु होइ दइआलु त सरधा पुरिऐ' का गायन किया एवं सेवक परिवार के द्वारा रखे गये श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग डाले गए। भाई शमशेर सिंह हैंड ग्रंथी ने कहा कि जो इन्सान प्रभु को भुला देते हैं उनके जीवन में किए हुए अपने कर्मों की वजह से हमेशा रोग लगे रहते हैं।

उनका जीवन विशे विकारों में फंस जाता है जो कत्तक के महीने में गुरु साहिब जी की संगत करते हैं तब जीव चिंता-रोग मुक्त हो जाते हैं, कार्यक्रम में विशेष रूप से गुरुद्वारा साहिब जी के हजूरी रागी जत्थे भाई चरणजीत सिंह और भाई गुरदियाल सिंह जी ने 'कतक करम कमावणे दोस न काहू जोग' व 'आगै सुख मेरे मीता,पाछे आनद प्रभ कीता' का शब्द गायन किया। हैंड ग्रंथी भाई शमशेर सिंह ने सरबत के भले के लिए अरदास की, प्रधान, गुरबख्श सिंह राजन व जनरल सेक्रेटरी गुलजार सिंह द्वारा संगतों को कत्तक महीने की संग्राद की बधाई दी ।

सरदार दविंद्र सिंह सहदेव व तिलक राज कालरा को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन दविंद्र सिंह भसीन ने किया। कार्यक्रम के पश्चात संगत ने गुरु का लंगर व प्रशाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर सरदार गुरबख्श सिंह राजन अध्यक्ष, गुलजार सिंह महासचिव, चरणजीत सिंह उपाध्यक्ष, सेवा सिंह मठारु,मंजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह जौली, सतनाम सिंह, सरदार सुरजीत सिंह, तिलक राज कालरा, दविंदर सिंह सहदेव, राजिंदर सिंह राजा, गुरनाम सिंह, अविनाश सिंह, अरविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# योजनाओं को स्वीकृति देने पर सीएम का आभार जताया

संवाददाता

ऋषिकेश। कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश विधानसभा में 13 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट किया।

आज यहां क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश विधानसभा में लोक निर्माण विभाग की 13 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट किया है। डॉ अग्रवाल ने विभागीय मंत्री सतपाल महाराज का भी आभार जताया है। बता दे कि मंत्री डॉ अग्रवाल ने ऋषिकेश विधानसभा में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 13 योजनाओं को प्राथमिकता दी थी जिसे स्वीकृति प्रदान की गई है। डॉ अग्रवाल ने बताया कि पहली 9.830 किमी लम्बाई वाले इन्द्रमणि बडोनी (नटराज) चौक के चारों साइड के मार्गो का बी.सी. द्वारा सतह सुधार तथा मार्ग पर अन्य कार्य जिसकी लागत 70.58 लाख रुपए है। डॉ अग्रवाल ने बताया कि चौथी 0.640 किमी वाली खदरी, खड्कमाफ, साई विहार के आन्तरिक सड़कों का निर्माण कार्य है, की लागत 44.14 लाख रुपए है। बताया कि पांचवीं 0.745 किमी लम्बाई वाली ग्राम पंचायत गुमानीवाला वार्ड नं0 2 शिव विहार कालोनी के आन्तरिक मार्गो का निर्माण कार्य है, की लागत 46.47 लाख रुपए है। डॉ अग्रवाल ने बताया कि 11वीं योजना का नाम गौहरी माफी के वार्ड संख्या-11 के आन्तरित मार्गो का निर्माण कार्य है, की लम्बाई 2.760 किमी और लागत 193.72 लाख है। 12वीं योजना शिवाजी नगर की गली नं० 18, 19, 20, 21, 25 एवं 25 जी के विभिन्न आन्तरिक मार्गो का निर्माण कार्य है।

# नारायण इंडस्ट्रीज में लगी आग, लाखों का सामान स्वाहा,यूपी से भी मंगवाई फायर ब्रिगेड

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। नारायण इंडस्ट्रीज रायपुर इंडस्ट्रीज एरिया भगवानपुर मे आज सुबह आग लगने से अफरा तफरी फैल गयी। सूचना मिलने पर पुलिस व फायर सर्विस ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आग इतना विकराल रूप ले चुकी थी कि उसे बुझाने के लिए तीन जिलों के अग्निशमन वाहन बुलाने पड़े।



जानकारी के अनुसार आज सुबह साढ़े तीन बजे सूचना मिली कि नारायण इंडस्ट्रीज रायपुर इंडस्ट्रीज एरिया भगवानपुर में भीषण आग लगी है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे प्रभारी भगवानपुर एवं प्रभारी रुड़की के नेतृत्व में तीन गाड़ियों ने अग्निशमन कार्य प्रारंभ किया। सीएफओ हरिद्वार अभिनव त्यागी भी मौके पर पहुँचे, परंतु आग को बढ़ते हुए देखकर मायापुर से 2 गाड़ियां एवं लक्सर एवं देहरादून से दो गाड़ियां एवं सहारनपुर से दो गाड़ियां मौके पर मंगाई गई।

आग इतनी भयावह थी कि कई लाख लीटर पानी एवं कई सौ लीटर फोम के इस्तेमाल के बाद भी आग पर काबू पाया जाना बहुत कठिन था। नजदीकी गोदरेज इंडस्ट्रीज की तरफ इस आग को बढ़ता देखकर फायर सर्विस ने तत्परता से आग पर काबू पाया एवं नारायण इंडस्ट्री के एक हिस्से में ही आग को चारों तरफ से घेरकर बुझाया गया जिसमें करीब 7-8 घंटे का समय लगा।

फायर सर्विस की त्वरित कार्रवाई से आस पास मौजूद पचासों फैक्ट्रियों में आग फैलने से रोका गया तथा कई सौ करोड़ के नुकसान को टाला गया। प्राथमिक जाँच में पाया गया है कि इंडस्ट्री के अंदर बल्ब एवं ट्यूबलाइट का काम संचालित था तथा प्रीतम इंडस्ट्रीज का वेयरहाउस भी मौजूद था। आग लगने का कारणों का अभी पता नहीं लग सका है परंतु सुरक्षा के प्रति लापरवाही कितना घातक साबित हो सकती है यह इस बात से सिद्ध है कि अगर घटना पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो पूरा रायपुर इंडस्ट्रियल क्षेत्र आग का शिकार हो सकता था।

इस दौरान मौके पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण स्वप्न किशोर सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अभिनव त्यागी, क्षेत्राधिकारी मंगलौर बी एस चौहान, प्रभारी अधिकारी फायर यूनिट भगवानपुर अग्निशमन द्वितीय अधिकारी केशव दत्त तिवारी मौके पर मौजूद रहे।

## एक नजर

# शिकायतें मिलने वाले विभागों की कार्य संस्कृति सुधारना जरूरी:रतूड़ी

संवाददाता

देहरादून। अपर मुख्य सचिव गृह राधा रतूडी ने कहा कि कार्मिक विभाग ऐसे विभागों जिनकी ज्यादा शिकायत मिल रही हो की कार्य संस्कृति सुधारने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करेगा। आज यहां अपर मुख्य सचिव गृह राधा रतूड़ी ने सचिवालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक के दौरान सतर्कता विभाग को भ्रष्टाचार व अन्य महत्वपूर्ण केसो की जांच समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। एसीएस ने टोल फ्री नम्बर 1064 पर प्राप्त भ्रष्टाचार से सम्बन्धित शिकायतों का विभागवार विश्लेषण करके अधिक शिकायतों वालों विभागों की जानकारी कार्मिक विभाग तथा मुख्यमंत्री कार्यालय को नियमित रूप से भेजने के निर्देश दिए हैं। कार्मिक विभाग ऐसे विभागों की कार्य संस्कृति सुधारने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करेगा। उन्होंने सतर्कता विभाग को भ्रष्टाचार व अन्य महत्वपूर्ण संवेदनशील केसो की जांच के लिए स्पेशलाइज्ड कमेटी गठन के निर्देश दिए, इस कमेटी में मामले से सम्बन्धित सभी टेकनीकल विशेषज्ञ होंगे जो समयबद्धता से केसों की जांच सुनिश्चित करेंगे। एसीएस रतूड़ी ने राज्य की विभिन्न जांच एजेन्सियों के मध्य सूचनाओं के आदान प्रदान एवं प्रभावी समन्वय हेतु गृह विभाग के अनुरक्षण में नियमित बैठकों के आयोजन हेतु निर्देश दिए हैं। बैठक में निदेशक सतर्कता वी मुरूगेशन, सचिव एस एन पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक सतर्कता धीरेन्द्र सिंह गुन्जयाल, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# परेड ग्राउंड में शहीद स्मारक बनाने की मांग को लेकर मेयर को ज्ञापन

देहरादून(संवाददाता)। स्वतंत्रा संग्राम सेनानी कल्याण समिति ने परेड ग्राउंड में शहीद स्मारक बनाने की मांग को लेकर मेयर सुनील उनियाल गामा को ज्ञापन सौंपा।

आज यहां मेरीमाटी मेरादेश कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर निगम देहरादून द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम मे मेयर सुनील उनियाल गामा को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण समिति की ओर से शहीद भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव, अशफाक उल्ला खां, रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमाओ के साथ परेड ग्राउंड मे शहीद स्मारक बनाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालो मे सेनानी परिजन सुरेंद्र सिंह क्षेत्रीय, शक्ति प्रसाद डिमरी, संजय कुकरेती, मुकेशनारायण शर्मा, विमला शर्मा, राजीव त्यागी, डॉक्टर एसके गोविल, आशालाल टम्टा, महिपाल सिंह रावत, कल्पना बहुगुणा, सुदेश मल्होत्रा, प्रदीप जैन, सुदेश मल्होत्रा, उर्मिला थापा, शंशाक गुप्ता, अवधेशपंत, मुनिराम सकलानी, शशि चमोली, आशा नौटियाल आशा थपलियाल भी थे।

# 'मेरी माटी मेरा देश' राष्ट्रीय अभियान अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को करेगा सम्मानित

नई दिल्ली। 'मेरी माटी मेरा देश' (एमएमएमडी) अभियान देशभर में अमृत कलश यात्राओं के साथ अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर रहा है। इस अखिल भारतीय सम्पर्क पहल का लक्ष्य देश के हर घर तक पहुंचना रहा।

इस महत्वपूर्ण सहयोगात्मक प्रयास के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा कोयला मंत्रालय समेत कई मंत्रालय, राज्य सरकारें, नेहरू युवा केंद्र संगठन, क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और भारतीय डाक ने गांव तथा ब्लॉक स्तर पर हर घर से मिट्टी एकत्र कर रहे हैं। 4419 से अधिक ब्लॉक पहले ही मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन कर चुके हैं और इसमें जनता की शानदार भागीदारी रही है। राष्ट्रव्यापी 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान देश के वीरों को सम्मानित करने के लिए 9 अगस्त, 2023 को शुरू किया गया था। अदम्य साहस का परिचय देने वाले उन साहसी व्यक्तियों को 'वीर' की संज्ञा दी गई है, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों का बलिदान दिया। यह पहल 'आजादी का अमृत महोत्सव' के समापन का प्रतीक है, जो 12 मार्च, 2021 को शुरू हुआ था।

इसके तहत पूरे भारत में दो लाख से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़े पैमाने पर जनभागीदारी देखी गई। मेरी माटी मेरा देश अभियान के प्रारंभिक चरण के दौरान व्यापक पहुंच और महत्वपूर्ण जनभागीदारी के साथ उल्लेखनीय सफलता हासिल हुई। आज तक, 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 2,33,000 से अधिक शिलाफलकम स्मारकों का निर्माण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, पंच प्रण प्रतिज्ञा के साथ लगभग चार करोड़ सेल्फी वेबसाइट पर अपलोड की चुकी हैं। अभियान के दौरान देशभर में वीरों का सम्मान करते हुए 200,000 से अधिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किए गए। वसुधा वंदन थीम के अंतर्गत, 23 करोड़ 60 लाख से अधिक स्वदेशी पौधे लगाए गए हैं, और दो लाख 63 हजार अमृत वाटिकाएं बनाई गई हैं।

# हादसाः अनियंत्रित वाहन खाई में गिरा, चालक की मौत

हमारे संवाददाता

नैनीताल। राज्य में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे है। सड़क हादसे की ताजा खबर नैनीताल जनपद से सामने आयी है। यहां एक वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ के जवानों ने रेस्क्यू अभियान चलाया और चालक का शव बाहर निकाला। जिसको अग्रिम कार्यवाही हेतू स्थानीय पुलिस को सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

जानकारी के अनुसार कल देर रात पुलिस चौकी खैरना के माध्यम से एसडीआरएफ को सूचना मिली कि काकड़ीघाट के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया।




एसडीआरएफ टीम द्वारा रात्रि के घनघोर अंधेरे व अत्यधिक दुर्गम परिस्थितियों में वैकल्पिक मार्ग से होते हुए उक्त शव तक पहुँच बनाई तथा कड़ी मशक्कत से शव को मुख्य मार्ग तक पहुँचाकर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया।

बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन काकड़ीघाट के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलटते हुए लगभग 100 मीटर गहरी खाई में गिरने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। वाहन में सिर्फ चालक ही सवार था जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी। मृतक की पहचान पूरण सिंह बिष्ट पुत्र नेत्र सिंह बिष्ट, 38 वर्ष, निवासी पिथौरागढ़ के रूप में हुई है।

# किसान संगठन ने सौंपा कृषि मंत्री को मांग पत्र

देहरादून(संवाददाता)। किसान संगठन के प्रतिनिधि मण्डल ने कृषि मंत्री से मिलकर उनको अपना पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

आज यहां प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में राज्य के किसानों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में किसान संगठन के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। कृषि मंत्री ने कहा कि किसान संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा 05 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि आपदा की दृष्टि से सर्वाधिक नुकसान हरिद्वार जिले को झेलना पड़ा है जिसमें किसान संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा सर्वे में कुछ अनियमितताओं को लेकर रोष प्रकट किया गया। मंत्री ने जिन क्षेत्रों में सर्वे में अनियमितता की शिकायत पायी गई है वहां विभागीय अधिकारी तथा राजस्व



अधिकारियों की टीम द्वारा पुनः सर्वे करने के निर्देश दिये। मंत्री ने किसान संगठन की मांग के अनुसार किसानों को मनरेगा से जोड़ने हेतु आयुक्त, ग्राम्य विकास को दूरभाष के माध्यम से निर्देशित किया। मंत्री ने सोनाली नदी पर बांध बनाने के भी निर्देश दिये जिससे नदी के आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ की समस्या से किसानों को राहत मिल सकेगी। मंत्री ने कहा कि मानकों के अनुसार अभी तक लगभग 35 करोड़ रूपये का मुआवजा किसानों को दिया जा चुका है।

मंत्री ने कृषि सचिव को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक जिलों के जिलाधिकारी माह में एक दिन किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सचिव, कृषि, दीपेन्द्र कुमार चौधरी, महानिदेशक, कृषि एवं उद्यान, रणवीर सिंह चौहान, भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष, संजय चौधरी तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर माहरा ने लिखा सीएम को पत्र

देहरादून(संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सीएम को पत्र लिखकर समस्याओं का निराकरण करने की मांग की।

आज यहां उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने उत्तराखण्ड राज्य की किसान मंडियों में धान की तौल में बरती जा रही अनियमितता एवं किसानों को हो रही परेशानी के खिलाफ आक्रोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर किसानों को हो रही समस्याओं का समाधान कराये जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लिखे पत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि सत्र 2023-24 की धान खरीद का सिलसिला शुरू हो चुका है तथा प्रदेशभर के किसानों द्वारा अपनी कमरतोड़ मेहनत से तैयार फसल प्रदेश की विभिन्न मंडियों में विक्रय हेतु लाई जा जानी प्रारम्भ हो चुकी है, परन्तु प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर की मंडियों में निर्धारित धान खरीद केन्द्रों पर धान की तौल सुचारू रूप से न होने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते प्रदेशभर के किसान आन्दोलित हैं।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*